प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 23.11.2024

मुख्य समाचारः—

- रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी ने छियालीस हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की।

- भाजपा की जीत के बाद रायपुर स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न—मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने भाजपा सरकार के सुशासन पर मुहर लगाई है।

- कल सड़क हादसे में घायल हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम की हालत अब खतरे से बाहर।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

रायपुर दक्षिण—परिणाम

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को छियालीस हजार से अधिक मतों से पराजित किया। इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को नवासी हजार उनसठ, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को बयालीस हजार नौ सौ सतहत्तर मत हासिल हुए। वहीं, नोटा में ग्यारह सौ पैंतालीस वोट पड़े। विजयी प्रत्याशी भाजपा के सुनील सोनी को रिटर्निंग अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा ने प्रमाण—पत्र प्रदान किया।

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना आज सुबह आठ बजे से सेजबहार स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में शुरू हुई। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की गई। इसके बाद ईव्हीएम मशीनों में दर्ज मतों की गणना की गई। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी, पहले राउंड से ही बढ़त बनाए हुए थे, जो आखिरी राउंड तक बरकरार रही। मतगणना के लिए चौदह टेबल लगाए गए थे। ईव्हीएम की गणना उन्नीस राउंड में पूरी हुई।

गौरतलब है कि बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने जाने के बाद रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा सीट खाली हुई थी।

रायपुर दक्षिण—परिणाम—02

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में जीत के जश्न में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा का चुनाव परिणाम पार्टी की नीतियों की जीत है।

वहीं, भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए अपनी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि रायपुर दक्षिण की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि प्रदेश और शहर का विकास केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है।

महाराष्ट्र/झारखंड चुनाव–नतीजे

महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव की आज हो रही मतगणना के बाद अब तस्वीर काफी कुछ स्पष्ट हो गई है। महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन, शानदार जीत की ओर अग्रसर है। अब तक मिले रूझान के मुताबिक दो सौ अठासी सदस्यीय विधानसभा में भाजपा गठबंधन 230 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं, कांग्रेस गठबंधन मात्र 51 सीटों पर आगे चल रहा है। जबकि, 7 सीटों पर अन्य पार्टी के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं।

उधर, झारखंड में इकयासी सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन जीत की ओर अग्रसर है। अब तक मिले रूझानों के मुताबिक यह गठबंधन 56 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं, भाजपा गठबंधन 24 और 1 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी आगे है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र की जीत पर जनता को बधाई दी है। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा गठबंधन की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में महायुति सरकार के कार्यों की जीत है।

मुख्यमंत्री–बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर में करीब एक सौ चवालीस करोड़ रूपये की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें सकरी रोड, मिनोचा रोड, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, मिनी स्टेडियम, मल्टी लेवल पार्किंग और अरपा नदी के तट पर निर्मित रामसेतु मार्ग शामिल है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कृषि मंत्री–घायल

कृषि मंत्री रामविचार नेताम कल शाम हुए एक सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। हादसा रायपुर–बेमेतरा मार्ग पर जेवरा गांव के पास तब हुआ, जब कृषि मंत्री कवर्धा से कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर वापस आ रहे थे। हादसे के बाद श्री नेताम का सिमगा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया, उसके बाद उन्हें राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रात अस्पताल पहुंचकर कृषि मंत्री से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

श्री नेताम ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दिए संदेश में अपने शुभचिंतकों का आभार जताया और जानकारी दी कि वे अब खतरे से बाहर हैं।

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सोलहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

'विकसित भारत चैलेंज'

केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' के तहत 'विकसित भारत चैलेंज' प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि यह प्रतियोगिता चार चरणों में आयोजित की जाएंगी। इस प्रतियोगिता में पंद्रह से उनतीस वर्ष के युवा भाग ले सकेंगे। इसका रजिस्ट्रेशन आगामी पच्चीस

नवंबर से पांच दिसंबर तक 'माय भारत डॉट जीओवी डॉट इन' पर किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता के पहले चरण में आगामी पांच से दस दिसंबर तक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागी माय भारत प्लेटफॉर्म पर भारत के विकास से जुड़े विषयों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देंगे। वहीं, दूसरे चरण में बारह से बीस दिसंबर तक निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जबकि, तीसरे चरण में तीन से पांच जनवरी तक रायपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी 'विकसित भारत विजन पिच डेक्स' के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

वहीं, चौथे और अंतिम चरण में नई दिल्ली में ग्यारह और बारह जनवरी को राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष अपनी प्रस्तुति देंगे। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग पांच हजार युवा भाग लेंगे।

हेलन केलर अवॉर्ड

धमतरी जिले के कुरूद निवासी दिव्यांग समाजसेवी और चित्रकार बसंत साहू को 'हेलन केलर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। श्री साहू को दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और समाज में समान अवसर दिलाने के लिए किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन कर श्री साहू को प्रतिष्ठित हेलन केलर अवॉर्ड दिए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आपने साबित किया है कि कठिनाइयां केवल मानसिक चुनौतियां हैं, दृढ़ संकल्प से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

सुर्खियों में–नक्सलवाद उन्मूलन

श्रोताओं, 'सुर्खियों में' कार्यक्रम के तहत आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट पर नक्सलवाद उन्मूलन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर हुई चर्चा का प्रसारण होगा। आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर से प्रसारित इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

श्रोताओं, कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बेमेतरा'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

समाचार संक्षेप में ...

- प्रदेश में इक्कीस नवंबर से नसबंदी पखवाड़ा शुरू हो गया है। कोंडागांव और रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों में आज जन–जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

- एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भिलाई स्थित स्मृति नगर चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक को एक युवक से दस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

- सक्ती के विशेष न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी का था।

- बिलासपुर में कोनी स्थित आईटीआई के ज्वॉइंट डायरेक्टर अवनीश सोनी से अज्ञात आरोपियों ने साढ़े तीन लाख रूपये लूट लिए हैं। घटना की खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शहर के अलग–अलग चौक–चौराहों पर नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

- कोरिया जिले में पटना थाना क्षेत्र के ग्राम चंपाझर से पिछले तीन दिनों से लापता  कक्षा सातवीं के छात्र का शव जंगल में मिला है।

- जशपुर पुलिस ने सागौन लकड़ी की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से सागौन की लकड़ी और ट्रैक्टर जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>